# स्थापित उद्यम खरीदने पर सर्किल रेट में मिलेगी 40% की छूट

## एक हजार वर्ग मीटर तक बीस और उससे अधिक वर्ग मीटर खरीद पर **दो गुणा** छूट, मेट्रो रूट पर संपत्तियों को नहीं मिलेगी राहत

जासं • लखनऊ : राजधानी में उद्यम लगाने के लिए अब जेब पर कम बोझ पड़ेगा। प्रशासन ने सर्किल रेट में पहली बार उद्योगों के लिए खास सेगमेंट बनाया है। सरकार के प्रयासों से यहां उद्योग लगाने के लिए निवेश के प्रस्ताव आ रहे हैं। ब्रम्होस मिसाइल प्लांट स्थापित होने और अशोक लीलैंड के इलेक्ट्रिक वीकल प्लांट पर काम शुरू होने से भरोसा बढ़ा है। पीटीसी इंडस्ट्रीज भी अपना विस्तार कर रही है। लखनऊ में दो लाख से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) इकाइयां पंजीकृत हो चुकी हैं, जिससे उद्योगों के प्रति बढ़ रही दिलचस्पी आंकड़ों में नजर आ रही है।

इसी के मद्देनजर डीएम सर्किल रेट में उद्यमियों को बड़ी राहत दी गई है। नगर निगम सीमा के भीतर एक हजार वर्ग मीटर तक स्थापित कोई उद्योग सीमेंट फैक्ट्री, राइस मिल, आटा मिल, शुगर मिल, कोल्ड स्टोरेज, भट्ठा, वेयर हाउस खरीदने पर भूमि का मूल्यांकन उस क्षेत्र हेतु निर्धारित अकृषक भूखंड की दर में बीस प्रतिशत कम करके किया जाएगा। वहीं एक हजार वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल में स्थापित सीमेंट फैक्ट्री, राइस मिल, आटा मिल, शुगर मिल, कोल्ड स्टोरेज, भट्ठा, वेयर हाउस और अन्य औद्योगिक संस्थानों की भूमि खरीदने पर 40 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। उद्यमी रजत मेहरा का कहना है कि प्रशासन का यह अच्छा प्रयास है। अगर कोई पहले से स्थापित उद्यम खरीदना चाहता है तो उसे स्टांप ड्यूटी कम भरनी होगी।




औद्योगिक क्षेत्र के प्रति बढ़ रही दिलचस्पी आंकड़ों में दिख रही है • जागरण

### प्रमुख कालोनियों में सर्किल रेट

| क्षेत्र | रुपये | क्षेत्र | रुपये |
|---|---|---|---|
| अंसल सुल्तानपुर रोड | 35 से 50,000 तक | सहारा ग्रेस | 20,500 से 28,000 तक |
| गोमतीनगर | 33 से 77,000 तक | सहारा स्टेट | 20,500 से 28,000 तक |
| महानगर | 41,000 से 65,000 तक | एल्डिको | 20 से 26,000 तक |
| इंदिरानगर | 35,000 से 62,000 तक | एक्सला रिजार्टिको | 22,000 से 28,000 तक |
| जानकीपुरम | 35500 से 54,000 तक | अमरावती | 25,000 से 37,000 तक |
| एमआर सिटी | 35,000 से 50,000 तक | पिटल | 25,000 से 37,000 |
| वृंदावन | 28,000 से 50,000 तक | पार्श्व रिपब्लिक कानपुर रोड | 20 से 30,000 तक |
| शालीमार वन वर्ड गोमतीनगर | 50,000 | औरो सिटी सीतापुर रोड | 20,500 से 28,000 |
| ओमेक्स मेट्रो सिटी | 20,000 से 26,000 तक | रोहित हाईट्स गोमतीनगर | 20,500 से 28,000 |
| बसंतकुंज योजना | 20,000 से 35500 तक | (नोट : सर्किल रेट वर्ग मीटर में) | |

### शहर के कुछ अन्य खास इलाकों में सर्किल रेट

| क्षेत्र | रुपये प्रति वर्ग मीटर |
|---|---|
| हयात रीजेंसी होटल से विकप भवन चौराहे तक | 70,000 |
| विराज खंड रोड फ्लाईओवर के आसपास | 70,000 |
| दयाल पैराडाइज से हुसड़िया चौराहे तक | 66,000 |
| गोमतीनगर विस्तार सीएमएस स्कूल | 55,000 |
| जनेश्वर मिश्र पार्क के आसपास | 55,000 |
| कावेरी ग्रीन वुड अपार्टमेंट के आसपास | 55,000 |
| कपूरथला चौराहा वाली सड़क | 54,000 |
| पलासियो माल के पास | 52,000 |
| पुलिस हेडक्वार्टर के पास | 52,000 |
| शहीद पथ के आसपास | 50 से 52,000 |
| अंसल बेस्ट प्राइज के पास | 50,000 |
| लुलु माल के पास | 50,000 |
| मुंशी पुलिया से अरविंदो पार्क | 49500 |
| शालीमार चौराहे से रिंग रोड तक | 49,500 |
| अवध शिल्प ग्राम के पास | 40,000 |
| पीजीआइ के पास | 40,000 |



चंदर नगर गेट, आलमबाग

### पुराने शहर के कुछ प्रमुख इलाकों में दरें

| क्षेत्र | रुपये प्रति वर्ग मीटर |
|---|---|
| माल एवेन्यू | 88,000 |
| मवैया | 64,000 |
| चारबाग | 64,000 |
| आलमबाग | 64,000 |
| मोतीनगर | 38,000 |
| उदयगंज | 38,000 |
| महात्म गांधी मार्ग | 33,500 |
| ऐशबाग | 33,000 |
| गीतापल्ली | 31,500 |
| तालकुआं | 31,500 |

### पांच प्रमुख सेगमेंट

**15** से 25 प्रतिशत बढ़ी कृषि भूमि की दर

**25** से 50 प्रतिशत तक बढ़ी आवासीय और व्यावसायिक भूमि की दरें

**17** हजार रुपये प्रति वर्ग मीटर की वृद्धि हुई डिफेंस कारिडोर की भूमि में

**20** से 50 प्रतिशत तक महंगी हुई मल्टीस्टोरी बिल्डिंग

**20** से 30 प्रतिशत तक वृद्धि हुई एक्सप्रेसवे और हाईवे के किनारे की जमीनों में

### क्यूआर कोड पर मिल जाएगा सर्किल रेट

सर्किल रेट जानने के लिए अब निबंधन कार्यालय या डीएम कार्यालय के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। प्रदेश में पहली बार लखनऊ में इस तरह की व्यवस्था लागू की गई है कि एनआइसी की साइट पर मौजूद क्यूआर कोड में सर्किल रेट की सभी तरह की जानकारी मिल जाएगी। क्यूआर कोड स्कैन करते ही सर्किल रेट और संबंधित निबंधन अधिकारी के बारे में जानकारी मिल जाएगी। अपर जिलाधिकारी वित्त और राजस्व राकेश कुमार सिंह का कहना है कि इस सुविधा के बाद लोगों को सर्किल रेट को लेकर किसी तरह का असमंजस नहीं रहेगा।



### औद्योगिक इलाकों में सर्किल रेट

| क्षेत्र | रुपये प्रति वर्ग मीटर |
|---|---|
| डिफेंस कारीडोर | 17,000 |
| तालकटोरा | 6,000 |
| गढ़ी कनौरा | 6,000 |
| चिनहट | 6,000 |
| धावा | 5,000 |
| गहरू | 5,000 |
| अमौसी | 4,500 |
| सरोजनीनगर | 4,500 |